हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिरी | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

13 नहीं सुलझा बीट बंटवारे का विवाद, 8 को चक्काजाम



14 सुरताल 2.0 फिनाले में धमतरी की प्रतिभाओं ने...



खबर संक्षेप

चिंवरी में रामनाम सप्ताह आज से

सिरी। ग्राम चिंवरी में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी रामनाम सप्ताह एवं यज्ञ का आयोजन 3 अक्टूबर शनिवार से शुरू होगा। 10 अक्टूबर शनिवार को समापन किया जाएगा। समापन दिवस पर रात्रि में खोरवा कुबरा गंगा की पुकार ग्राम लखनपुरी (चारामा) जिला कांकेर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष लोकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गोवर्धन साहू, टोली नायक देवेंद्र निर्मलकर एवं मंच संचालक चंद्रहास सार्वा जुटे हैं। बाहर से आने वाली टोलियों को 3000 सांत्वना राशि दी जायेगी।

सोनपैरी में रामधुनी प्रारंभ

मगरलोड। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सोनपैरी में तीन दिवसीय रामनाम गुणगान का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सरपंच इंदुलता कंवर रही। अध्यक्षता उपसरपंच भुनेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच वीणा साहू रहीं।

पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

धमतरी। पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

कोर्रा में कबड्डी स्पर्धा 6 से

कोर्रा(धमतरी)। लोकेश्वर साहू उर्फ मुन्ना की स्मृति में स्मृति कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कोर्रा के बाजार चौक में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 अक्टूबर को शाम 6 बजे होगा। प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए रखा गया है।

भर्रीगांव में रामधुनी सम्मेलन 4 से

पुरूर(धमतरी)। ग्राम भर्रीगांव में पितृपक्ष पर रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 4 व 5 अक्टूबर को किया गया है। इसमें क्षेत्र की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 अक्टूबर को सरपंच तेजराम साहू के मुख्य आतिथ्य, देवसिंह साहड़ा की अध्यक्षता में होगा। अन्य अतिथि चौत साहू, संतराम साहू, नेमीनबाई, यशोमति साहू, खिलेश्वरी साहू, मैनाबाई साहू होंगे। समापन 5 अक्टूबर को ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत साहू के मुख्य आतिथ्य व राजनारायण साहू की अध्यक्षता में होगा। अन्य अतिथि प्रताप रामटेके, बालचरण साहू, मुकेश साहू, मनोज महमल्ला, नरेन्द्र साहू, मनोज साहू, मोहितराम साहू होंगे।

80 फीट नीचे महानदी में गिरी ट्रॉली समेत ट्रैक्टर, चालक सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अछोटा पुल से गुजरते समय अचानक सामने आए बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली समेत अनियंत्रित होकर महानदी में गिर गई। इस घटना में हेल्पर को चोट लगी है। वहीं चालक सुरक्षित है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर एक भीषण हादसा हुआ। खाली ट्रैक्टर अछोटा पुल से 80 फीट नीचे महानदी में गिर गई। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा निवासी अनादे ध्रुव पिता कन्हैया उम्र 25 वर्ष ट्रैक्टर चलाने का काम करता है। वहीं गांव के ही योगेश साहू पिता मोहन उम्र 25 वर्ष उसी ट्रैक्टर में हेल्पर का काम करता है। ट्रैक्टर में कुछ खराबी आने के कारण उसे गुरुवार को नहर नाका में मैकेनिक के पास छोड़ा गया था। मरम्मत हो जाने के बाद शुक्रवार की दोपहर को चालक अनादे अपने हेल्पर योगेश के साथ नहर नाका से ट्रैक्टर को

हेल्पर घायल, बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा



चलाते हुए अछोटा जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली सहित अछोटा के पुल से गुजर रही थी। उसी दौरान एक बाइक चालक अचानक ट्रैक्टर के समाने गिर गया। बाइक चालक को बचाने के प्रयास में अनादे ने ट्रैक्टर की स्टेयरिंग दायी तरफ घुमा दी। इस प्रयास से बाइक चालक रौंदने से बच गया, लेकिन ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ते हुआ अछोटा पुल से 80 फीट नीचे महानदी में गिर गई। गनीमत रही कि महानदी में गिरते समय इंजन में सवार चालक व हेल्पर ने बाजू में छलांग लगा दी। ट्रैक्टर उल्टा गिर नदी के रेत में धंस गई। ट्राली के पीछे का दोनों पहिया टूटकर अलग हो गया। वहीं इंजन भी क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर से कूद जाने से अनादे घायल होने से बच गया। वहीं हेल्पर योगेश घायल हुआ है। सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और घायल योगेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

डिजिटल प्लेटफार्म से टीपी मिलने पर खनिज विभाग में भ्रष्टाचार पर कसी जाएगी नकेल

ई-ट्रांजिट पास से रेत के काले कारोबार पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गौण खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगाम कसने ई-ट्रांजिट पास की मांग की गई है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से ई-ट्रांजिट पास उपलब्ध होने से खनिज विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। इस मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने रेत घाटों के पारदर्शी संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

धमतरी जिले की महानदी में रेत का अकूत भंडार है। यहां से रायपुर, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव सहित महाराष्ट्र के लिए रोजाना हजारों घनमीटर रेत का परिवहन होता है जिसमें 90 फीसदी अवैध परिवहन है।



रेत सप्लायर बताते हैं कि ट्रांजिट पास को लेकर ही भ्रष्टाचार मचा हुआ है। 50 रुपए घनमीटर की शासकीय दर वाले ट्रांजिट पास को 250 रुपए घनमीटर में खरीदना पड़ता है। रेत घाटों का पूरा काला कारोबार ट्रांजिट पास है। दरअसल प्रत्येक घाट को हर साल निर्धारित घनमीटर के हिसाब से रेत का उत्खन्न एवं परिवहन करना होता है। रेत घाट के आकार के अनुसार किसी घाट को सालाना 20 हजार, 30 हजार या 50 हजार घनमीटर रेत निकासी की परमिशन मिलती है। घाटों में निर्धारित घनमीटर की निकासी महीने, दो महीने में कम्पलीट हो जाती है। सप्लायरों ने बताया कि घाटों में प्रत्येक वाहन के लिए ट्रांजिट पास काटा गया तो रेत घाट सालभर के लिए बंद हो जाएगा। यही कारण है कि घाटों में प्रत्येक वाहन को ट्रांजिट पास नहीं दिया जाता है।

जोहार छग पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

जोहार छग पार्टी के जिलाध्यक्ष निखिलेश देवान एवं कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे नए एवं पुराने रेत घाटों के पारदर्शी संचालन के लिए खदानों का भौतिक एवं जीपीएम सीमांकन, सार्वजनिक सूचना बोर्ड एवं दर सूची चस्पा करने, मशीन के बदले मजदूरों से रेत लोडिंग करने की मांग की है।

शासकीय दर से पांच गुना अधिक महंगा

रेत घाटों में जारी किए जाने वाले ट्रांजिट पास की शासकीय दर 50 रुपए घनमीटर है। वाहनों की साइज के अनुसार 10, 14, 18 घनमीटर का परिवहन होता है। 10 घनमीटर का ट्रांजिट पास 500 रुपए तथा टैक्स मिलाकर करीब 700 रुपए होता है लेकिन सप्लायरों को इसे 2500 रुपए में खरीदना पड़ता है। बताया जाता है कि खनिज विभाग से ट्रांजिट पास जारी करवाने के लिए भारी भरकम पैसा लिया जाता है। रेत सप्लायरों का कहना है कि अवैध परिवहन से हमेशा माइनिंग और प्रशासन की कार्रवाई का डर बना रहता है। डिजिटल प्लेटफार्म पर ट्रांजिट पास उपलब्ध होने से अवैध परिवहन पर काफी हद तक लगाम लग जाएगी। वहीं खनिज विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर नकेल कसी जा सकती है।

राशन कार्ड से पेंशन तक योजनाओं का लाभ दिलाने लिए जा रहे आवेदन

- सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्डों में जनसमस्या शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र में आम लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के लिए सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर के निर्देश पर अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

शिविरों में राशन कार्ड, नल कनेक्शन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, टैक्स वसूली, पेंशन, विद्युतीकरण और पेयजल से संबंधित आवेदनों को लिया जा रहा है। पहला शिविर 29 सितंबर को देवांगन समाज भवन सुभाषनगर में लगा। इसी दिन तूफान चौक के पास नए सामुदायिक भवन और आंगनबाड़ी के पास स्थित सामुदायिक भवन में भी शिविर लगा। 30 सितंबर को पुराना कृषि उपज मंडी परिसर, उमंग चौक सामुदायिक भवन और सिंधी धर्मशाला भवन में शिविर लगा।

7 अक्टूबर तक निर्धारित कार्यक्रम

1 अक्टूबर को साल्हेवारपारा रंगमंच, कोष्टापारा नंदी चौक और मणिकंचन के पास सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित हुआ। 5 अक्टूबर को सत्संग भवन, दुर्गा मंदिर के पास कलामंच और मराठा मंगल भवन में शिविर लगेंगे। 6 अक्टूबर को रिसाईपारा पूर्व के सत्संग भवन, शांति चौक कला मंच जोधापुर और बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में शिविर आयोजित होंगे। 7 अक्टूबर को बनिया तालाब स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगेगा। सभी शिविर सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक चलेंगे।

अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

निगम मुख्यालय स्तर पर उपायुक्त पीसी सार्वा को नोडल अधिकारी और महेंद्र सिंह जगत को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविरों में आवेदन पंजीबद्ध कर संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे और निराकरण की जानकारी संकलित की जाएगी।

एसपी ने किया सिटी कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण



धमतरी। एसपी भावना पांडेय ने बीते दिनों थाना सिटी कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, गंभीर मामलों की समयबद्ध विवेचना और आमजन की शिकायतों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने अवैध शराब, जुआ-सट्टा समेत अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतने, थाना परिसर की स्वच्छता एवं अभिलेखों के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया। पुलिसकर्मियों को अनुशासन, सतर्कता और फिटनेस बनाए रखने के साथ हथियारों का नियमित अभ्यास कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट परेड व वेशभूषा वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

राइस मिल में युवती पर चाकू से हमला, हिरासत में आरोपी

कुरुद। कुरुद के भोथली रोड स्थित एक राइस मिल में शुक्रवार की सुबह रेजा का काम करने वाली युवती पर युवक ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी सहेली के बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से भाग निकला। मिल कर्मचारियों की मदद से घायल युवती



को सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे धमतरी रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार ▶▶ शेष पेज 13 पर

हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में धारा 333 और 109(1) के तहत कार्रवाई की गई है। घटना के कारणों और हमले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।



दवा कंपनियों का दावा फेल, 30 दिन असर वाली दवाएं 5 दिन भी काम नहीं कर रही

माहू अनकंट्रोल, उपभोक्ता फोरम में जाने को तैयार किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेतों में माहू अनकंट्रोल हो गया है। तीन से चार बार माहू की दवा छिड़कने के बाद भी प्रकोप कम नहीं हो रहा है। ग्राम खपरी के कुछ किसान अब परेशान होकर दवा कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में शिकायत करने की तैयारी में है। किसानों ने बताया कि दवा कंपनियों ने छिड़काव के बाद 20-30 दिन तक माहू से सुरक्षा का दावा किया था। महंगी महंगी दवाएं बेअसर हो गई हैं। ऐसे में किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

खेती किसानी के अंतिम चरण में किसान माहू के प्रकोप से बेहाल हो चुके हैं। किसान मुरारजी साहू ने बताया कि वे दो बार लंबी अवधि की दवा डाल चुके हैं। दोनों बार ब्रांडेड



कम्पनियों की दवाओं का छिड़काव किया। सिर्फ माहू के लिए प्रति एकड़ 2 हजार से अधिक खर्च कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त तनाछेदक और शीथ ब्लाइट जैसी समस्याओं के लिए हजारों रुपए की दवा का छिड़काव कर चुके हैं पर माहू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तनाछेदक का प्रकोप भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि दवा कंपनियां छिड़काव के बाद 20-30 दिन तक माहू से सुरक्षा का दावा कर रही हैं, जबकि हकीकत में ये दवाएं काम नहीं कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि दवा छिड़कने के बाद भी माहू खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब वे इस समस्या को लेकर दवा कंपनियों के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

किसान गिरधर साहू ने बताया कि वे तीन बार माहू की दवा का छिड़काव कर चुके हैं। अब चौथी बार दवा छिड़काव की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 10-12 एकड़ की किसानी में वे डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा का कीटनाशक डाल चुके हैं। जितने में पूरी खेती निबट जाती, उतना खर्च तो दवा में ही कर चुके हैं, फिर भी माहू और तनाछेदक का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 5 एकड़ की खेती तो माहू के चलते चौपट हो गई है। ज्यादा प्रकोप सांभा और स्वर्णा वैरायटी के धान में देखने को मिल रहा है। किसान अजीत कुमार भी कई बार माहू के लिए दवा छिड़काव कर चुके हैं, पर प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

खबर संक्षेप



गणेशपुर में रामधुनी स्पर्धा आज से

जीजामगांव। ग्राम गणेशपुर में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 अक्टूबर शनिवार को होगा। मुख्य अतिथि डॉ. गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच गणेशपुर होंगे। अध्यक्षता प्रीतम साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्णकुमार साखरे, रेखा निषाद, जीवनलाल साहू, भूखीन ध्रुव, बिंदा साहू एवं परमा ध्रुव होंगे। 4 अक्टूबर को समापन होगा। मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त होंगे। अध्यक्षता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं करेंगे। विशिष्ट अतिथि भानु चंद्राकर, चंदूलाल निषाद, चंद्रशेखर साहू एवं डॉ. गंगाप्रसाद मिश्रा होंगे।

निधन

मुकेश साहू



धमतरी। ग्राम पंचायत पेंडरवानी निवासी मुकेश साहू (राजा) 28 वर्ष का दो अक्टूबर को निधन हो गया। वे पूर्व सरपंच सत्यवान साहू के पुत्र व परमेश साहू के बड़े भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी छ.ग.

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका त्रिवेणी बाई साहू पति अंकलहा साहू जाति तेली निवासी भेण्डरवानी तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भेण्डरवानी स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 142, 159, 495, 507/2 रकबा क्रमशः 0.19, 0.60, 0.08, 0.07 हे. राजस्व अभिलेख में संयुक्त में त्रिवेणी पति अंकलहा, मोहनी बाई पिता अंकलता, वसुंधरा बाई पिता अंकलहा, अंकलहा पिता रामचरण जाति तेली के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। आवेदिका के पति अंकलहा राम साहू जो कि विगत 23 वर्षों से बिना सूचना लापता होने के कारण सहखातेदार अंकलहा राम साहू को माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कुरूद जिला धमतरी के व्यवहार वाद क्रमांक 54 अ/2017 निर्णय दिनांक 28/09/2023 द्वारा मृत्यु होने की उपधारण किया गया है। माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 कुरूद जिला धमतरी के आदेश दिनांक 28/09/2023 के पालन में ग्राम भेण्डरवानी पटवारी हल्का नं. 21 तहसील भखारा स्थित कृषि भूमि पर से खातेदार अंकलहा राम पिता रामचरण का नाम खाता से विलोपित किये जाने आवेदन पत्र व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कुरूद जिला धमतरी के आदेश की प्रति न्यायालय में पेश किया है। प्रकरण उचित मद में दर्ज हो। ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में दावा आपत्ति हेतु ईश्तहार जारी हो। हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन मंगाने ज्ञापन जारी हो।

अतः आवेदिका के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 08/10/2026 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
भखारा

गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

इस बार छह सांस्कृतिक आयोजन से सजेगा कुरूद दशहरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

27 वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कुरुद दशहरा महोत्सव-2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर पालिका सभागार में हुई बैठक में नवरात्रि के प्रथम दिन से विजयादशमी तक छह प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों का कार्यक्रम तय किया गया।

नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

बैठक में पूर्व की व्यवस्था के अनुसार समिति के पदाधिकारियों, प्रभारियों और सदस्यों को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही नए युवाओं को आयोजन से जोड़ने पर जोर दिया गया। नगरपालिका मैदान को आकर्षक रूप देने के साथ व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग उपसमितियां गठित कर प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मीना बाजार और अभिव्यक्ति कला मंच की राम-रावण संवाद प्रस्तुति भी आयोजन का आकर्षण रहेगी।

बैठक में महासचिव भानु चंद्राकर सहित पार्षद, पूर्व पार्षद, आयोजन समिति के पदाधिकारी, प्रभारी, सदस्य और नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

27 साल की परंपरा : मीना बाजार और राम-रावण संवाद प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी

छह रात, छह सांस्कृतिक रंग

दशहरा महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को कविता वासनिक कृत अनुराग धारा से होगा। 12 अक्टूबर को भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर, 13 अक्टूबर को द्रुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा और 15 अक्टूबर को सुनील तिवारी नाइट आयोजित होगी। 17 अक्टूबर को चंद्रभूषण वर्मा कृत महतारी लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी।



20 अक्टूबर को होगा समापन

महोत्सव का समापन 20 अक्टूबर को मेलाडी हिंदी आर्केस्ट्रा के साथ होगा। समिति ने आयोजन को नगर की सामूहिक सांस्कृतिक विरासत बताते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी का आह्वान किया है।

35.17 करोड़ से 16 किमी सड़क का काम, डब्ल्यूबीएम व सीसीकरण ने पकड़ी रफ्तार

कुरुद-कोसमर्रा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद से कोसमर्रा तक करीब 16 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। सड़क के आधार को मजबूत बनाने के लिए डब्ल्यूबीएम की परत बिछाने का काम युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत 35.17 करोड़ की राशि से चल रहे इस कार्य की जमीनी प्रगति का जायजा लेने पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी आरके शुक्ला मैदानी अमले के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का सघन निरीक्षण किया।

एसडीओ शुक्ला ने बताया कि डामरीकरण से पहले सड़क की नींव को मजबूत और टिकाऊ बनाने डब्ल्यूबीएम का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसके साथ ही आबादी वाले क्षेत्रों में देवरी, चोरभठी और भेंडरवानी में सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क निर्माण भी जारी है। मार्ग में प्रस्तावित पुल-पुलियों का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है।



मार्च 2027 से पहले पूरा करने का लक्ष्य

एसडीओ ने कहा कि निर्माण कार्य जिस गति से चल रहा है, उसे देखते हुए मार्च 2027 की निर्धारित समयसीमा से पहले सड़क का काम पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि परियोजना को गति देने में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। उनके मार्गदर्शन में विभाग कार्य को योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रहा है।

क्यूरिंग के साथ गुणवत्ता पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने निर्माण एजेंसी और विभागीय कर्मचारियों को सीसीकरण के बाद निर्धारित मानकों के अनुरूप बेहतर क्यूरिंग (तराई) करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क की मजबूती और लंबे समय तक टिकाऊपन के लिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और राहगीरों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

डब्ल्यूबीएम और सीसीकरण का काम तेजी से कराया जा रहा है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। निर्माण की मौजूदा गति को देखते हुए मार्च 2027 से पहले क्षेत्रवासियों को चौड़ी और बेहतर सड़क की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास है।

- आरके शुक्ला,
एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

अंचल की खबरें

जनपद पंचायत के एडिशनल सीईओ को दी विदाई



नगरी। जनपद पंचायत नगरी में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले एडिशनल सीईओ आरएस नेताम को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। समारोह में उनके कार्यकाल, व्यवहार एवं सेवाभाव को याद किया गया। कार्यकम में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, सीईओ एनके मांझी समेत कार्यालयीन शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी व ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाइक रैली निकालकर आरएस नेताम के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता का प्रदर्शन किया गया। समारोह में वक्ताओं ने श्री नेताम के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा किया। विदाई समारोह में श्री नेताम को स्मृति चिन्ह, शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

महारैली में शामिल हुए जिले के सोसाइटी कर्मचारी



पुरी। भारतीय मजदूर संघ के आंदोलन को समर्थन करने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर पर आक्रोश रैली में धमतरी जिले के सोसाइटी अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। धरनास्थल रायपुर तूता में मांगों को लेकर हल्ला बोला। 25 हजार से अधिक अधिकारी- कर्मचार शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल से संगठनों की मांगों पर चर्चा की गई। धमतरी जिले से बलदेवराम साहू, खिलेश बंजारे समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी है।

स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संस्कार है



नगरी। ग्राम पंचायत भड़सिवना में जनपद पंचायत स्वच्छता निधि के माध्यम से डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा ग्रामीणों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने स्वच्छता को स्वस्थ एवं सुंदर गांव की आधारशिला बताते हुए ग्रामीणों से स्वच्छता व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल डस्टबिन उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही उपयोग और नियमित रूप से कचरे का उचित निपटान भी जरूरी है। मौके पर सरपंच नीलकुमार सूर्यवंशी, उपसरपंच सतरूपा नेताम, बूथ अध्यक्ष खिलेंद्र सेन, सचिव कृष्णकुमार नेताम, विजय सूर्यवंशी, सदाराम कोराम, शिक्षक सुरेंद्र सेवई, अनिल देवांगन, स्वास्थ्यकर्मी कविता मरकाम एवं हेमा ध्रुव सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

वृंदावन में नगर की सिया ने मचाई धूम

- ब्रज रास महोत्सव : कथक में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कथक की थिरकन से वृंदावन की धरती पर कुरूद का नाम गूंजा है। नगर की प्रतिभावान नृत्यांगना सिया शर्मा ने वृंदावन में आयोजित ब्रज रास कृष्ण कला सांस्कृतिक महोत्सव-2026 के कथक नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल कर कुरूद सहित छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में देश-विदेश से प्रतिभागियों ने विभिन्न कला विधाओं में हिस्सा लिया।



पत्रकार स्व. कमलेश शर्मा की पुत्री सिया बचपन से ही पढ़ाई और नृत्य में मेधावी रही हैं। वह कुरूद के गीतांजलि संगीत कला केंद्र में गुरु जुगराज बाग के मार्गदर्शन में कथक की शिक्षा ले रही हैं तथा विद अंतिम की छात्रा हैं। इससे पहले भी सिया नेपाल, वाराणसी, उज्जैन और पुरी सहित विभिन्न स्थानों के बड़े मंचों पर कथक की प्रस्तुति देकर पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं।

मां के संस्कारों की भी सराहना

सिया की उपलब्धि पर अतिथियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों ने उनकी कला प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सिया को शिक्षा-दीक्षा और संस्कार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली उनकी मां शिक्षिका सुमन शर्मा के प्रयास की भी प्रशंसा की।

ग्राम पंचायत भड़सिवना में डस्टबिन का हुआ वितरण



रांकाडीह में गुरु वाणी सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



मगरलोड। ग्राम रांकाडीह मधुबन में पारकर परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 9 दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धनशरण व्यास के सानिध्य में भागवत कथा चल रही है। कथावाचक की अमृतमय गुरुवाणी को सुनने क्षेत्र के भागवत प्रेमियों की भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण मानव जीवन को मोक्ष देने वाला है। यह जानकारी टिकेश्वर पटेल ने दी है।

बेलरगांव में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- गांधी जयंती पर भाजपा मंडल का आयोजन

भारतीय जनता पार्टी मंडल बेलरगांव द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम घटुला स्थित शीतला देवी शासकीय हाई स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, अजजा जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर अडिल, महामंत्री द्वय मोनू साहू एवं दीपक साहू, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक विनय देवांगन, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी ठाकरे, अजजा मोर्चा अध्यक्ष अक्तूराम ध्रुव सहित अजय नाग, कीर्तिकुमार साहू, चुम्मन साहू, वीरेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अछोटी आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा संकल्प समारोह आयोजित

बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने माताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरी

ग्राम अछोटी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रारंभिक शिक्षा को लेकर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि बसंती यादव एवं सरिता तुरियाकर रहीं। सरपंच पूरन धृतलहरे सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका बम्बोडे एवं ममता मेहर, सहायिका चन्द्रभागा एवं मीना बाई तथा मितानिन तारा बाई एवं कुमारी बाई की भी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि बसंती बाई ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। छोटे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित पोषण के साथ नियमित स्वास्थ्य देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा बेहद जरूरी है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माता-पिता और पूरे समाज की सहभागिता आवश्यक है।



सरपंच पूरणलाल घृतलहरे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र और ग्रामीण परिवारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विकास के प्रति सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों, बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर खेमिन साहू, सुनीता साहू, गीताबाई, अंजनी यादव, प्रियंका साहू, मालतीबाई साहू, केकतीबाई साहू, जीवनलाल निर्मलकर, सुखराम साहू, उषा साहू, रूक्मणि साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर मगरलोड कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान चलाया

मगरलोड। यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में महात्मा गांधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की तथा आसपास बिखरे कचरे को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को श्रम की गरिमा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामूहिक सहभागिता का महत्व समझाया गया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। यह स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के विचारों को साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा है।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

DMT_BHOOMI_03_2026-03_Layout 1 10/2/2026 10:15 PM Page 1

खबर संक्षेप

हॉकी स्पर्धा में सचिन ने जीता ब्रांज मेडल

धमतरी। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता



राजनांदगांव में हुई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलोनी के कक्षा दसवीं के छात्र सचिन साहू पिता कीर्तन साहू ने रायपुर जोन की तरफ से खेलते हुए हॉकी में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर जोन के अलावा बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर एवं मेजबान दुर्ग संभाग की टीम ने हिस्सा लिया था।

जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



कुरुद। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर नगरपालिका कुरुद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। सिविल अस्पताल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, कन्या विद्यालय और कारगिल चौक में सफाई कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। उनके विचारों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छता अभियान को नियमित जनभागीदारी से जोड़ने की अपील की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता, बीएमओ हेमराज देवांगन सहित एल्डरमेन एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क पर गिट्टी-मलबा डालकर सुधार कार्य तेज

सिहावा चौक से कोलियारी पुल तक फोरलेन निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा चौक से कोलियारी पुल तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर निर्माण एजेंसी ने काम तेज कर दिया है। बारिश के कारण सड़क पर बने गड्ढों को समतल करने के लिए गिट्टी-मलबा डाला जा रहा है, वहीं सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। लोक निर्माण विभाग की निगरानी में चल रहे कार्य से आने वाले दिनों में मार्ग की तस्वीर बदलने की उम्मीद है।

सिहावा चौक से कोलियारी पुल तक करीब 5 किलोमीटर मार्ग को फोरलेन के रूप में विकसित किया जा रहा है। निर्माण के प्रारंभिक चरण में सड़क किनारे पेड़ों की कटाई सहित आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही नाली निर्माण भी शुरू हो गया है। बारिश के कारण प्रभावित सड़क हिस्सों को आवागमन योग्य बनाए रखने के लिए गड्ढों में गिट्टी और मलबा डाला जा रहा है।



आवागमन सुविधा बेहतर करने की तैयारी

फोरलेन निर्माण पूरा होने के बाद सिहावा मार्ग पर यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होने की उम्मीद है। सड़क के साथ नाली निर्माण होने से बारिश के पानी की निकासी भी बेहतर होगी। निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए विभाग द्वारा आवश्यक सुधार कराने पर जोर दिया जा रहा है। नगर निगम के टैंकर से भी पूर्व में पानी का छिड़काव किया जाता रहा है। विभागीय निगरानी और निर्माण कार्य आगे बढ़ने के साथ मार्ग को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

सुधार कार्यों पर निगरानी

लगातार बारिश के चलते मार्ग के कुछ हिस्सों में गड्ढे हो गए थे। इन्हें भरने के लिए निर्माणकर्ता ठेकेदार द्वारा आवश्यक सामग्री डाली गई है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुधार कार्यों पर निगरानी बढ़ाई है। विभाग के एसडीओ एमडी पैकरा ने बताया कि गड्ढे भरने के साथ पानी छिड़काव की व्यवस्था भी निर्माणकर्ता ठेकेदार की जिम्मेदारी है। यदि पानी छिड़काव में कमी है तो ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

नवागांव में 2027 तक हर परिवार को पक्के मकान और क्लीन विलेज का संकल्प

- जनपद पंचायत कुरुद की 85 पंचायतों में हुई विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

गांधी जयंती पर कुरुद जनपद पंचायत की 85 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम नवागांव (उ) में सरपंच टिकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित सभा में ग्रामीणों ने गांव के कायाकल्प को लेकर ऐतिहासिक फैसले लिए। सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्ष 2027 तक गांव में एक भी कच्चा मकान नहीं रहेगा और नवागांव को पूरी तरह क्लीन विलेज बनाया जाएगा।

बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) और विकसित ग्राम पंचायत योजना (वीजीपीपी) के तहत आगामी विकास कार्यों का खाका खींचा गया। ग्रामीणों ने सड़क, नाली निर्माण, जल संरक्षण, स्वच्छता, उन्नत कृषि और आजीविका संवर्धन से जुड़े जरूरी कार्यों को प्राथमिकता सूची में शामिल करने के सुझाव दिए। सभा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई।



आदर्श गांव बनाने का लिया संकल्प

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, जन-धन और स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक लाभ सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके अलावा जल बजट निर्माण, टीबी मुक्त पंचायत, बाल विवाह रोकथाम, मुक्तिधाम उन्नयन और आवारा मवेशियों के प्रबंधन पर ठोस रणनीति बनी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर नवागांव को आत्मनिर्भर, सुंदर और सुविधायुक्त आदर्श गांव बनाने का संकल्प दोहराया।

पुलिस की विशेष कार्यशाला में वैज्ञानिक विवेचना पर जोर



धमतरी। जिले के थाना-चौकी प्रभारियों एवं विवेचकों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। वैज्ञानिक अधिकारी वसीम अकरम ने अधिकारियों को क्राइम सीन सुरक्षित रखने, साक्ष्य संकलन और एफएसएल जांच की उपयोगिता के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

पुलिस अधीक्षक भावना पांडे के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में डीएनए, रक्त, डायटम और आग्नेयास्त्र संबंधी वैज्ञानिक साक्ष्यों के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही वैज्ञानिक तरीके से संदिग्धों की पहचान, अपराध के कारण एवं तरीके के निर्धारण तथा ठोस साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया समझाई गई।

एसपी भावना पांडेय ने अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण में वैज्ञानिक एवं साक्ष्य-आधारित गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने के निर्देश दिए, ताकि आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई और प्रकरणों में दोषसिद्धि सुनिश्चित हो सके। इस दौरान डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, वैज्ञानिक अधिकारी वसीम अकरम सहित थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचना अधिकारी मौजूद रहे।

सदरउत्तर वार्ड में आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित

आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र : नीलेश





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सदर उत्तर वार्ड में आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एनपी गुप्ता रहे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नीलेश लूनिया, पूर्व पार्षद श्रीमती नीलू डागा, शिव शर्मा, विट्ठलराव पवार, श्रीमती राजकुमारी पटेल एवं श्रीमती प्राची सोनी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर नीलेश लूनिया ने कहा कि आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे महिलाओं एवं परिवारों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। डॉ. एनपी गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे से होती है। बच्चों के उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। आंगन मिलन जैसे कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नीलू डागा ने कहा कि आंगन मिलन कार्यक्रम महिलाओं और परिवारों को जोड़ने का अच्छा माध्यम है। शासन की योजनाओं की जानकारी सीधे हितग्राहियों तक पहुंचने से अधिक से अधिक परिवार इनका लाभ उठा सकते हैं। राजकुमारी पटेल ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर समाज में जागरूकता जरूरी है। शिव शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं से जोड़ने में मदद मिलती है। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में श्रीमती हेमलता साहू, महतारी वंदन योजना के संबंध में श्रीमती ज्योति पटेल तथा स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ माता विषय पर श्रीमती लोकेश्वरी पटेल द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एएनएम संगीता साहू एवं एएनएम खिलेश्वरी की सहभागिता रही। सदर उत्तर वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तबस्सुम नाज, कौसर बानो, श्रीमती अनीता साहू, संगीता वाहिले, वर्षा, सीमा सिन्हा एवं चंद्रिका पटेल, मितानीन खैरुन्निशा, विभालता साहू सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ी हास्य एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने वरिष्ठजनों को खूब हंसाया

- सियानगुड़ी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सियानगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा तथा भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से हुआ।

कार्यक्रम में माय भारत धमतरी की जिला युवा अधिकारी सुश्री श्रुति डोंगरे, यशवंत सिन्हा, अध्यक्ष नवसृजन जन सेवा संस्थान, माय भारत धमतरी के भूपेंद्र मानिकपुरी, स्वयंसेवक योगेश्वर सिन्हा, संकेत कुमार साहू तथा आकाशगिरि गोस्वामी रंगकर्मी, जननी सेवा संस्थान की अध्यक्ष अन्नपूर्णा गजेंद्र एवं संस्थान के संयोजक शेषनारायण गजेंद्र मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों के लिए छत्तीसगढ़ी हास्य प्रस्तुतियों, मनोरंजक संवादों, गीत-संगीत एवं नृत्य सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी हास्य एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने वरिष्ठजनों को खूब हंसाया।

विभिन्न गतिविधियों में सियानगुड़ी के वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। इस आयोजन के माध्यम से पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव, सम्मान, सहयोग एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जननी सेवा संस्थान के स्टाफ सदस्य दिव्या साहू, उमराव साहू, दिव्य प्रकाश, दानवीर, चैतांशु राजा, सती सेन, कुणाल देवांगन, प्रशांत साहू, धनेन्द्र कुमार, तुलसी साहू एवं दुलारी पटेल का सहयोग रहा।

भाषण और चित्रकला के माध्यम से छात्रों ने बिखेरे रंग



मगरलोड। पीएम श्री सेजेस (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय) भैंसमुंडी में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक दायित्व और रचनात्मकता का विकास करना रहा है। प्रतियोगिता में ब्लॉक के प्रत्येक संकुल से चयनित विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सेवा और स्वच्छता जैसे प्रेरणादायक विषयों पर बेहद खूबसूरत और संदेशात्मक चित्र बनाए। भाषण प्रतियोगिता में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, मेरे सपनों के भारत 2047 और समाजसेवा में युवाओं की भूमिका पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथियों एवं निर्णायकों द्वारा दोनों प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। अन्य अतिथियों ने नए भारत 2047 में अपने योगदान को सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस अवसर पर लीलेश सुरेश साहू अध्यक्ष नपं मगरलोड, मीना साहू सभापति जिपं धमतरी, विखं शिक्षाधिकारी एबीओ, तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी मगरलोड, नरेंद्र धीवर प्राचार्य पीएमश्री सेजेस, चयनित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, निर्णायक मंडल के सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अंचल की खबरें

सुंदरगंज वार्ड में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई



धमतरी। सुंदरगंज वार्ड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। वार्डवासियों ने महापुरुष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह के सिद्धांतों के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में सद्भाव, एकता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। मौके पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, आशीष ध्रुव, आशाराम बंजारे, कमल नेताम, राजेश ध्रुव, पूरण ध्रुव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

सारंगपुरी में लगी आंगन मिलन चौपाल



धमतरी। ग्राम सारंगपुरी की आंगनबाड़ी में आंगन मिलन चौपाल कार्यक्रम व गर्भवती माताओं की गोदभराई हुई। माताओं द्वारा सरकार की योजनाओं पर संवाद किया गया। बच्चों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम हुआ। सरपंच रामकुमार यादव ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर हेमूराम गायकवाड़, नारायण ढीमर, पंच राजेश्वरी साहू, अनुसुइया सोनकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गोमती नेताम, अमृत सेन मितानिन समेत अन्य उपस्थित थे।

लॉज में युवती की संदिग्ध मौत, न्यायिक जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

धमतरी। सीजी-05 लॉज में हुई युवती की मौत के मामले को लेकर मानिकपुरी समाज युवा प्रकोष्ठ एवं युवा कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग उठाई है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना को लेकर कई सवाल सामने आ रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति की भूमिका या लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई की जाए। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच, संबंधित लोगों के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों की गंभीरता से जांच तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। इस अवसर पर गौरव मानिकपुरी, जतिन मानिकपुरी, गीतराम सिन्हा, लक्की मानिकपुरी, अजय मानिकपुरी, विनय मानिकपुरि, विकास मानिकपुरी, उमेश साहू, इंद्रेश साहू, आकाश मानिकपुरी, रोहित मानिकपुरी, विनय मानिकपुरी उपस्थित थे।



राजीव भवन में बीरगांव चुनाव की रणनीति पर मंथन



धमतरी। राजीव भवन शंकर नगर रायपुर में दीपक बैज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में बीरगांव नगर निगम चुनाव के संबंध में आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में धनेंद्र साहू पूर्व पीसीसी अध्यक्ष, मलकीत सिंह गैंदू प्रभारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, आनंद पवार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री बैज ने सभी सदस्यों को एकजुट रहकर कांग्रेस के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम हमें आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा। सभी को आपसी ताल मेल बनाकर पार्टी के लिए कार्य करना होगा। आगे कहा कि भाजपा की झूठ बोलने वाली योजना के लालच में जनता नहीं आने वाली है। लेखराम साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए एकजुटता जरूरी है। नगर निगम बीरगांव चुनाव की जीत आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। श्री साहू ने आगे कहा कि भाजपा के पास कोई विजन नहीं है। जनता पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में है।

गांधी जयंती पर कोरमुड़पारा में हुई साफ-सफाई



सांकरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम कोरमुडपारा सांकरा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। सुभाष क्लब के युवाओं ने गांव के ऐतिहासिक तालाब की सफाई की। लंबे समय से तालाब में जमी गंदगी व प्लास्टिक कचरे को हटाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में तालाब में कचरा नहीं फेंकेंगे और गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखेंगे। कार्यक्रम में प्रेमा कुंजाम, युवराज पटेल, सदानंद, हिमांशु समेत अनेक लोगों का सहयोग रहा।

इर्रा में चौक-चौराहों व देवस्थलों की हुई सफाई

कोर्रा(भखारा)। गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत इर्रा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। राम के चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों एवं देवस्थलों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए झाड़ लगाकर कचरा हटाया और गांव को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस अभियान मेंसरपंच सूर्यकांत साहू, पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच सूर्यकांत साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर ग्रामीणों की नियमित दिनचर्या का हिस्सा बननी चाहिए। गांव के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने में सभी की सहभागिता जरूरी है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।



खबर संक्षेप

बारिश से खपरैल मकान गिरा, राजस्व विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

नगरी। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 निवासी गोवर्धन साहू का खपरैल मकान अत्यधिक वर्षा के कारण गिर गया। मकान के अंदर रखा खाना बनाने का किचन सामान भी मलबे में दब गया। निरीक्षण के दौरान घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल मौके का जायजा लिया गया। इसके बाद राजस्व विभाग के पटवारी पंकज उपाध्याय को फोन के माध्यम से सूचना देकर त्वरित कार्रवाई के लिए कहा गया। सूचना मिलते ही पटवारी पंकज उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा प्राकृतिक आपदा से संबंधित प्रपत्र भरवाने की कार्रवाई पूरी की।

गुटखा थूंकने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। गुटखा खाकर पानी टंकी में थूंकने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बाराडोली के प्रेमलाल चौहान ने बताया कि 30 सितंबर को राकेश डडसेना ने गांव के पानी टंकी में गुटका खाकर थूक दिया था, जब उसने थूंकने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। दूसरे दिन इसी बात को लेकर राकेश डडसेना के पिता राधेश्याम डउसेना को बताने उनके घर गया था, तब राधेश्याम डडसेना एवं उसके लड़के राकेश डडसेना ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। लोहे के राड से मारपीट करने से पैर में चोट आई।

नियमित कचरा कलेक्शन और लंबित मानदेय भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वच्छताग्राही दीदियों ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत नगरी विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छताग्राही दीदियों द्वारा पिछले करीब पांच वर्षों से किए जा रहे कचरा कलेक्शन कार्य को लेकर अब मानदेय और कार्य निरंतरता का मुद्दा सामने आया है। स्वच्छताग्राही दीदियों ने सीईओ जनपद पंचायत को आवेदन सौंपकर कचरा कलेक्शन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने की मांग की है। अधिकारी एनके मांझी ने उचित कार्रवाई करने आश्वासन दिया है।

स्वच्छताग्राही दीदियों ने बताया कि नगरी विकासखंड के गांवों में उनके द्वारा नियमित रूप से कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा था, लेकिन कुछ ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं सचिवों द्वारा यह कार्य बंद कर दिया गया है। आवेदन में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण कार्य को जारी रखने की मांग की गई है।

दीदियों का कहना है कि एसएलडब्ल्यूएम (सोलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट) व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन कार्य संचालित किया जाना है। इसी के मद्देनजर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सभी ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन कार्य को नियमित रूप से संचालित कराने का आग्रह किया है।

स्वच्छताग्राही संघ की अध्यक्ष कमला प्रजापति और सदस्यों का कहना है कि दीदियों का मानदेय सुनिश्चित किया जाए। पिछले कई वर्षों से लंबित मानदेय का भुगतान भी किया जाए। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो कलेक्टर और जिला सीईओ से मिलकर समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। नियमित रूप से स्वच्छता कार्य करने के बावजूद मानदेय लंबित रहने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आंधी-तूफान में ढांचा गिरने और वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित होने की आशंका

नियमों की अनदेखी, नागरिकों ने कार्रवाई की मांग की

नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर लगे अवैध होर्डिंग, हादसे का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे मार्ग और प्रतिबंधित क्षेत्रों में बिना अनुमति होर्डिंग लगाने पर रोक के बावजूद शहर में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। हाईवे मार्ग के बीच बने डिवाइडर पर कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति होर्डिंग लगाए जाने से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

शहर के नागरिकों एवं यात्रियों नारायण सेन, दीनबंधु चंदेल, महेश मरकाम, कृपाराम ध्रुव और रामजी ओझा ने बताया कि नेशनल हाईवे शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में शामिल है। ऐसे स्थानों पर डिवाइडर के बीच होर्डिंग लगाए जाने से वाहन चालकों को सामने की स्थिति देखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा तेज आंधी-तूफान के दौरान होर्डिंग या उसका ढांचा उखड़कर सड़क पर गिरने की आशंका भी रहती है।

नागरिकों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले और प्रतिबंधित क्षेत्रों में इस तरह होर्डिंग लगाने वालों पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग को हटाने के साथ संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह नियमों की अनदेखी न हो।

ज्ञात हो कि नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में भी शहर में अवैध होर्डिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया है। इस दौरान कई स्थानों से अनधिकृत होर्डिंग हटाकर जब्त किए गए थे और संबंधित लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई थी। साथ ही बिना अनुमति होर्डिंग नहीं लगाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर दोबारा होर्डिंग लगाए जाने से निगम की कार्रवाई और नियमों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों ने हाईवे मार्ग की नियमित निगरानी कर ऐसे होर्डिंग हटाने की मांग की है।

सेमरा (सि) में नशाबंदी पर कड़ा फैसला



कुरुद। तहसील कुरुद अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा (सि) में नशाखोरी और गंदगी पर अंकुश लगाने ग्रामीणों ने कड़े फैसले लिए हैं। सरपंच छबिलेश सिन्हा एवं ग्राम प्रमुख घनश्याम देवांगन की अगुवाई में हुई बैठक में महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, डिस्पोजल ग्लास बेचने और खुले में कचरा फेंकने पर आर्थिक दंड का प्रावधान तय किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि गांव के किसी भी चौक-चौराहे या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति से 13 हजार रुपए का अर्थदंड लिया जाएगा। इसकी सूचना देने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। गांव की सीमा में कोई बाहरी व्यक्ति शराब पीते पकड़ा जाता है तो उसे ग्राम बैठक में उपस्थित होना पड़ेगा। नियमों का पालन नहीं करने पर उसे पुलिस के सुपुर्द किया जाएगा।

डिस्पोजल बिक्री पर रोक

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने गांव की दुकानों में डिस्पोजल ग्लास की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है जिसकी पूरे गांव एवं आसपास में खूब प्रशंसा हो रही है। ग्रामीण गजेंद्र सिन्हा, कामता निषाद, सोमू, रूपेंद्र आदि ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदार पर 5 हजार रुपए का जुर्माना होगा। इसकी सूचना देने वाले को 2 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

10 स्थानों पर कूड़ेदान की व्यवस्था

गांव के खाली स्थानों और सार्वजनिक जगहों पर कचरा फेंकने पर भी कार्रवाई होगी। पकड़े जाने पर 3 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसकी सूचना देने वाले ग्रामीण को 1 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। पंचायत ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए गांव में 10 चिन्हित स्थानों पर कूड़ेदान की व्यवस्था की है, ताकि कचरे का उचित निस्तारण हो सके।

स्व. सुखवती के परिजनों ने अंतिम इच्छा का सम्मान कर कराया नेत्रदान

- दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में रोशनी लौटने की जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम बेलरगांव के डोहलापारा में स्व. सुखवती के निधन के बाद उनके परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान कराया। परिवार के इस निर्णय से दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में रोशनी लौटने की उम्मीद जागी है।

नेत्रदान की प्रक्रिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके टोंडर, जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. राजेश सूर्यवंशी, बीएमओ डॉ. डीएन सोम एवं डॉ. एके नेताम तथा सहायक नोडल अधिकारी गुरुशरण साहू के मार्गदर्शन में पूरी की गई। इस दौरान विकासखंड नोडल अधिकारी क्षितिज साहू, लोमेश कुर्रे, डॉ. जयकिशन नाग, देवेंद्र साहू, शिवेंद्र राजवाड़े, राकेश साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं डोहलापारा (गढ़डोंगरी) के ग्रामीणों ने सहयोग किया। अधिकारियों ने बताया कि नेत्रदान को लेकर समाज में आज भी कई तरह की भ्रांति है। जागरूकता के अभाव में लोग इस मानवीय कार्य के लिए आगे नहीं आ पाते। नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाने की आवश्यकता है। लोगों में जागरूकता बढ़ने से जरूरतमंद दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में रोशनी लाने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।

मेचका में विश्व पर्यावरण दिवस पर चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



श्री मुचकुंद ऋषि पर्यटन सहकारी समिति मर्यादित, पंजीयन क्रमांक 336 मेचका के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मेचका स्थित इको पार्क, शिव मंदिर परिसर तथा डैम के नीचे के क्षेत्र में साफ-सफाई कर प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया। समिति के सदस्यों ने पर्यटकों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए पर्यटन क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश दिया।

अभियान के दौरान समिति के सदस्यों ने पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों का गुलाब फूल देकर स्वागत किया। पर्यटन स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल समिति की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक पर्यटक और नागरिक की जिम्मेदारी है। समिति द्वारा लोगों से अपील की गई कि पर्यटन स्थल पर प्लास्टिक की बोतल, पॉलिथीन, पैकेट सहित अन्य कचरा इधर-उधर न फेंकें और निर्धारित स्थान पर ही कचरे का निपटारा करें। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर श्री मुचकुंद ऋषि पर्यटन सहकारी समिति मर्यादित के संरक्षक एवं ग्राम पंचायत सरपंच जीवनलाल नाग, संरक्षक जोहान नेताम सहित समिति के सदस्य संतोष ठाकुर, शोभलाल सिन्हा, नरेंद्र नेताम, शांतनु धुर्वा, गोलू सेन, मुकेश यादव, निमेश, राकेश, अंगद, इंद्र सेन, हेलन, डायमंड एवं शुभम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

डांडेसरा-कन्हारपुरी में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा और कन्हारपुरी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को बच्चों, माताओं और समाज के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनाना है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों को बच्चों तथा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी। बच्चों की आयु के अनुरूप देखभाल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, स्वच्छता तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

महिलाओं एवं अभिभावकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ डांडेसरा और कन्हारपुरी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, हितग्राही महिलाएं समेत ग्रामीणजन शामिल हुए।

गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर हुई सार्थक चर्चा

सेवा संकल्प अभियान में गूंजा पोषण और स्वास्थ्य का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

कोरोना काल में सेवाओं को किया याद

विशिष्ट अतिथि शुभम दास बघेल ने कोरोना महामारी के कठिन दौर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए गए सेवा कार्यों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल का केंद्र नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।



जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

सांवल ओगरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सेवा संकल्प अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। सरपंच देवचरण चंद्राकर ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लखपति दीदी सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम जीजामगांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को केंद्र में रखते हुए स्वास्थ्यवर्धक आहार, मौसमी बदलाव, आवश्यक पोषक तत्वों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू थी। अध्यक्षता जीजामगांव सरपंच देवचरण चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि शुभमदास बघेल, सांवल ओगरे, श्रीमती जयंती साहू, भोजराज सोन एवं योगेश्वर साहू थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती गंगा साहू ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही मजबूत समाज की आधारशिला है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व को बताया तथा पोषण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं माहेश्वरी साहू, शांति सपहा एवं जानकी निर्मलकर तथा सहायिकाओं रेवती ध्रुव, सुशील ध्रुव एवं कलिता गोस्वामी ने परिसर को आकर्षक रंगोली तथा पौष्टिक आहार, फल एवं सब्जियों से सजाया।

अंचल की खबरें

श्रीमद्भागवत कथा जीवन को संस्कार से जोड़ने का माध्यम : रंजना



धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव ब्राम्हणपारा धमतरी में श्रीवास्तव परिवार द्वारा स्व. कमलनारायण श्रीवास्तव के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू शामिल हुईं। उन्होंने स्व. श्रीवास्तव को नमन करते हुए पुष्प अर्पित कर उनके परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, सदाचार, भक्ति और सकारात्मक विचारों से जोड़ने का माध्यम है। श्रीमती रंजना ने भगवताचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कथा श्रवण किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और श्रीमद्भागवत के संदेशों में मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने की प्रेरणा निहित है। मौके पर वार्ड पार्षद कोमल सार्वा, डाली सोनी, यश साहू, मोती कुम्भकार सहित श्रीवास्तव परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

पीएम आवास प्रमाण-पत्र पाकर भावुक हुए लखन



धमतरी। सेवा एवं संकल्प अभियान के तहत आमापारा वार्ड में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकान के हितग्राही लखन पटेल को पीएम आवास प्रमाण पत्र प्रदान किया। अपने स्वयं के आशियाने का प्रमाण पत्र पाकर लखन पटेल भावुक हो गए और उन्होंने पार्षद के संवेदनशील सहयोग के लिए उन्हें गले लगाकर अपने घर आने का निमंत्रण दिया। शिविर में सुबह से ही वार्ड के पेंशनधारियों की समस्याओं सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रकरणों पर ध्यान दिया गया। श्री मोटवानी ने स्वयं संज्ञान लेते हुए नागरिकों को शिविर स्थल तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी नागरिकों का तिलक-वंदन कर स्वागत किया और कहा कि लोकतंत्र में जनता ही भगवान होती है। जनता के सम्मान से हम स्वयं सम्मानित होते हैं। कार्यक्रम में नगर निगम खाद्य विभाग के अध्यक्ष पिंटू यादव भी सहभागी रहे। निगम की ओर से नोडल अधिकारी के रूप में खिलावन रजक, छबिलाल प्रधान, नितिन बनवासी सहित सभी सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

- आमापारा वार्ड में जनसमस्या निवारण शिविर लगा

जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को वितरित किए कपड़े



धमतरी। सार्थक ग्रीन धमतरी द्वारा ग्राम खरतुली में एक जोड़ी कपड़ा अभियान अंतर्गत जरूरतमंद श्रमिक एवं मजदूर परिवारों को नए तथा अच्छी स्थिति में उपयोग योग्य पुराने कपड़े वितरित किए गए। कपड़े पाकर ग्रामीणों के चेहरो पर खुशी दिखाई दी। अभियान की संयोजिका डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि इस पहल की शुरुआत वर्ष 2008 में 70 युवा बच्चों के समूह ऑल इज वेल टीम द्वारा की गई थी। छुट्टियों में धमतरी आने वाले ये बच्चे गांवों एवं जरूरतमंद बस्तियों में जाकर कपड़े, खिलौने और स्टेशनरी सामग्री वितरित करते रहे हैं। बच्चों द्वारा शुरू की गई इस पहल को अब सार्थक ग्रीन धमतरी आगे बढ़ा रहा है। सार्थक ग्रीन के सदस्यों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों द्वारा अच्छी स्थिति में कपड़े एवं अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराना इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग है। इससे जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचने के साथ-साथ उनका सार्थक पुनः उपयोग भी सुनिश्चित हो रहा है।

- सार्थक ग्रीन धमतरी ने खरतुली में चलाया एक जोड़ी कपड़ा अभियान

रंगोली, खेलकूद व गोदभराई के साथ मितानिनों का किया सम्मान

नगरी। ग्राम सिरसिदा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी कराई गई। गांव में स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में सेवाएं देने वाली मितानिनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल तेजनाथ साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सोहद्रा नेताम ने महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

- सिरसिदा में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



खबर संक्षेप

बलियारा में रामधुनी सम्मेलन आज से

धमतरी। ग्राम बलियारा में 3 और 4 अक्टूबर को रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन 3 अक्टूबर को जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली चिरपोटी द्वारा परशुराम जन्म प्रसंग की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद प्रेम संस्कार रामधुनी मंडली दरगहन द्वारा माता त्रिकुटा की भक्ति का प्रसंग गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। 4 अक्टूबर को ज्ञान गंगा रामधुनी मंडली बारना द्वारा शिव विवाह, जय मां गायत्री रामधुनी झांकी मंडली मुजगहन द्वारा तारका वध तथा जय मां शाकंभरी रामधुनी झांकी मंडली सेहराडबरी द्वारा शाकंभरी अवतार और दुर्गम दानव प्रसंग की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पन्नालाल साहू ने दी।

साहू समाज ने दिया स्वच्छता एवं नशामुक्ति का संदेश



धमतरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर तहसील साहू संघ शहर धमतरी द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने मंदिर-देवालयों तथा सार्वजनिक स्थलों में श्रमदान कर साफ-सफाई एवं सामाजिक भवन पोस्ट ऑफिस वार्ड से लेकर घड़ी चौक तक नारा स्लोगन साथ के नशा मुक्ति रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। रमसगरी गार्डन हनुमानगुड़ी के पास स्थित महात्मा गांधी एवं घड़ी चौक में स्थित लालबहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष चंद्रभागा साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल शासन-प्रशासन का काम नहीं है। अपने घर, अपने परिवेश और आसपास की साफ-सफाई रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ परिवेश से ही स्वस्थ जीवन संभव है। मौके पर यशवंत कुमार साहू, गोपीकिशन साहू, विजय गौतम साहू, रोहित साहू, लीलाराम साहू, डॉ.रामकुमार साहू, गिरीश साहू, रामेश्वर साहू, दीपिका साहू, पुष्पा साहू, ओमकुमारी साहू, मीना साहू समेत सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

डोंगरडुला स्कूल में छात्रों को रेबीज से बचाव के उपाय बताए

नगरी। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम डोंगरडुला स्थित हायर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रेबीज बीमारी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को रेबीज के कारण, संक्रमण के तरीके तथा इससे बचाव के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि रेबीज एक गंभीर बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने अथवा खरोंच लगने से फैल सकती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राइस मिल में युवती पर चाकू से हमला, हिरासत में आरोपी

कोंडागांव क्षेत्र निवासी अनीता मंडावी राइस मिल में रेजा का काम करती है। इसी मिल में भाठागांव निवासी 22 वर्षीय दुलेश्वर पिता लक्ष्मीप्रसाद टंडन भी काम करता था। दोनों की जान- पहचान होने के बाद कथित तौर पर प्रेम संबंध बन गए थे। बाद में युवक ने मिल में काम छोड़ दिया था। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11.30 बजे युवती काम करने के बाद अपनी सहेली के साथ कमरे में आराम कर रही थी। इसी दौरान युवक धारदार चाकू लेकर वहां पहुंचा और युवती पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर सहेली ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। शोर सुनकर मिल कर्मचारी कमरे में पहुंचे और घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया।

कौहाबाहरा के ग्रामीणों ने सात दिन में निराकरण की मांग की

नहीं सुलझा बीट बंटवारे का विवाद, 8 को चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम कौहाबाहरा में बीट बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद अब सड़क तक पहुंचने वाला है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मामले में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगने और वन विभाग के प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी के आदेश के बावजूद अब तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। इससे नाराज ग्रामीणों ने 8 अक्टूबर को गट्टासिल्ली के शहीद वीरनारायण सिंह चौक पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों की ओर से 1 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक, वनमंडलाधिकारी धमतरी, एसडीएम नगरी और थाना प्रभारी दुगली को आवेदन सौंपकर चक्का जाम एवं विरोध प्रदर्शन की पूर्व सूचना दी गई है। आवेदन में कहा गया है कि कौहाबाहरा क्षेत्र में बीट कक्ष क्रमांक के अनुसार नियमानुसार बीट बंटवारा नहीं किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी।

आवेदन के मुताबिक मामले को लेकर वनमंडलाधिकारी कार्यालय धमतरी में अपील प्रकरण क्रमांक 52, 08/2026 दर्ज हुआ था। प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी धमतरी ने 11 सितंबर 2026 को आदेश क्रमांक 268/स्टेनो/ज.सु.अ./अपील/26-27 जारी किया था। ग्रामीणों का कहना है कि आदेश जारी होने के बाद भी बीट बंटवारे का निष्पक्ष और स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

11 सितंबर को जारी हुआ था आदेश



2020 की आबादी प्रभावित होने का दावा

ग्रामीणों ने आवेदन में बताया है कि बीट बंटवारे की समस्या से गांव की करीब 2020 की आबादी प्रभावित हो रही है। लंबे समय से समाधान नहीं होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय में निराकरण की मांग की है।

फिर सड़क पर उतरने की चेतावनी

शिवप्रसाद नेताम, रामभरोसा सोहल, मोहितराम ने प्रशासन को 7 दिन का समय देते हुए कहा है कि इस अवधि में समस्या का स्थायी एवं न्यायसंगत निराकरण नहीं हुआ तो वे 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे शहीद वीर नारायण सिंह चौक गट्टासिल्ली एवं नगरी मार्ग स्थित तिराहे के पास चक्काजाम करेंगे।

गर्भवती माताओं की गोदभराई, छह माह के बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

- आंगन मिलन कार्यक्रम में आंबा कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम करगा के आंगनबाड़ी भवन में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और कुपोषण की रोकथाम के प्रति जागरूकता का संदेश देने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारती साहू एवं सावित्री साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके माध्यम से महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पौष्टिक आहार सहित विभिन्न सेवाओं एवं गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ पीढ़ी की आधारशिला है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन घर-घर पहुंचकर महिलाओं और परिवारों को पोषण के प्रति जागरूक करने तथा कुपोषण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं की गोदभराई की रस्म की गई। वहीं छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर माताओं को गर्भावस्था और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मौके पर जानकी साहू, प्रीति साहू, दुलारी मरकाम, मोहनी साहू, हीरा यादव, नीता, डामेश्वरी साहू, निर्मला साहू, तुलेश्वरी साहू, मंजू सेन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन खोमेश्वरी, सीमा ध्रुव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पटेल समाज ने शाकंभरी बोर्ड के समक्ष रखीं कृषक हित की प्रमुख मांगें



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक तथा बोर्ड के सदस्य प्रेम पटेल, बसंत पटेल एवं संतोष पटेल के प्रथम धमतरी आगमन पर पटेल समाज जिला धमतरी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पटेल समाज के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पटेल ने किया। जिलाध्यक्ष ने पटेल समाज एवं समाज से जुड़े कृषकों के हित में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों के समक्ष रखा।

जिलाध्यक्ष जितेन्द्र ने कहा कि पटेल समाज के अधिकांश परिवार कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। ऐसे में शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ छोटे एवं सीमांत किसानों तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने प्रमुख रूप से सब्जी फसल बीमा योजना का लाभ अधिक से अधिक सब्जी उत्पादक किसानों को दिलाने, उद्यानिकी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की मांग की। मौके पर प्रदेश संरक्षक अमर सिंह पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश महामंत्री सियाराम पटेल, प्रदेश प्रचार सचिव लखन पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मिश्री पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, कुंजलाल पटेल एवं नूतन पटेल, सचिव पुरुषोत्तम पटेल, कोषाध्यक्ष छबिलाल पटेल, सहसचिव ईश्वर पटेल, संगठन सचिव प्रभात पटेल, प्रचार सचिव धनेश्वर पटेल, बरना राज अध्यक्ष देवेंद्र पटेल एवं सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैया पटेल, नील पटेल, विनोद पटेल, मधुसूदन पटेल, चंद्रकला पटेल एवं विनला पटेल सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

बेलरगांव में गूंजा स्वच्छता का संदेश



नगरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव ने एक बार फिर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अनूठी मिसाल पेश की है। समाज द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत पिछले 13 वर्षों से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जो इस वर्ष भी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को समाज के सैकड़ों सदस्यों ने हाथों में झाड़ू लेकर गांव के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इस दौरान साहू सदन, निषाद सदन, गायत्री मंदिर परिसर और मां दंतेश्वरी मंदिर के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का निपटान किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का शुभारंभ साहू सदन में भक्त शिरोमणि माता कर्मा और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सुभाष चंद्र साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ व लीलाम्बर साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष ने महात्मा गांधी के विचारों, सत्य-अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को विस्तार से समाज के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली है। टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ ने स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव के कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ भारत, मजबूत भारत के ध्येय को लेकर समाज लगातार काम कर रहा है। मौके पर ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष खेमू साहू, सचिव नारद साहू, उपाध्यक्ष आदेश्वर साहू, संरक्षक सनातन साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन साहू, महासभा सदस्य महेश्वरी साहू, सुशीला साहू, उर्वशी साहू, यतेन्द्र साहू, चुन्नूलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

गांधी जयंती पर जिला अस्पताल में स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान चला

स्वच्छता और नशामुक्ति से ही स्वस्थ समाज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर की सुबह जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, एक्जेक्ट फाउंडेशन, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा जिला अस्पताल के डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ ने संयुक्त रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। वहीं नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने लोगों को गंदगी न करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और नशामुक्ति स्वस्थ एवं बेहतर समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।

मोहनी साहू ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और बेहतर समाज की आधारशिला माना था। शिवा प्रधान ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की नियमित जिम्मेदारी है।

खिलेश्वर साहू ने कहा कि गांधी जयंती स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती है। डॉ. आदित्य सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता और नशामुक्ति स्वस्थ जीवन से सीधे जुड़ी हुई हैं। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने और नशे से दूर रहने की अपील की।

मौके पर भारती साहू, भावना मरकाम, रितु प्रधान, मंजू टेमरे, भारती सोनी, लक्ष्मी सोनी, देवश्री जोशी, गायत्री नेताम, ईश्वरी सिन्हा, पद्मिनी यादव, गंगा सोनकर, कोमिन साहू, डॉ. भारती ठाकुर, कालिन्दी साहू, मेनका साहू, सौहद्री राठौर, सोनिया पाल, वार्ड बॉय हितेश, साक्षी, रंजना गोस्वामी सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर, नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ तथा मरीजों के परिजन उपस्थित थे।

गांवों में ग्रामसभा का आयोजन, जल संरक्षण, स्वच्छता, फसल चक्र परिवर्तन पर हुई चर्चा

राष्ट्रपिता के सम्मान में गांव-गांव में स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्वच्छता, जल संरक्षण सहित कई एजेंडों पर प्रस्ताव पास किया गया। वीबी जी-राम-जी के तहत निर्माण कार्यों पर सहमति बनाई गई। ग्राम पंचायत कसावाही में लाखों के कार्यों का प्रस्ताव पास किया गया। अधिकांश कार्य जल संरक्षण से संबंधित हैं।

शुक्रवार को महात्मा गांधी की जयंती पर गांव-गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव के चौक -चौराहों की सफाई की गई। नशामुक्त को लेकर भी संकल्प पारित किया गया। ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य रिफार्म उत्सव मनाना था, जिसके तहत गांव के विभिन्न स्ट्रक्चर के पुनर्सुधार पर जोर दिया गया। अधिकांश ग्राम पंचायतों में जल संकट को लेकर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत सोरम में लाल पानी की समस्या है। यहां पर दो मोटरपंप है जिसका पानी काफी हद तक स्वच्छ है। पाइपलाइन बिछाकर इन मोटरपंपों से पानी सप्लाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम पंचायत कसावाही में पिछली गर्मी में ग्रामीणों को भयावह जल संकट का सामना करना पड़ा था। यहां पर जल संरक्षण के लिए लाखों के कार्यों पर सहमति बनी। यही नहीं ग्रामीणों ने परसतराई मॉडल का अनुसरण करते हुए फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दिया। ग्राम पंचायत सारंगपुरी, ग्राम पंचायत देमार में वीबी जी-राम-जी के तहत 317 प्रकार के कार्यों का पठन किया गया। इनमें से किस कार्य को प्राथमिकता देनी है, उस पर चर्चा हुई।

सड़क पर मवेशी छोड़ा तो होगी कार्रवाई

अधिकांश गांवों में मवेशियों की समस्या है। पशुपालक मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। इससे फसल को तो नुकसान होता है, दुर्घटना का भी खतरा रहता है। ग्राम सभा के एजेंडे में इस समस्या को प्रमुखता से लिया गया। कई ग्राम पंचायतों में सड़क पर मवेशी छोड़ने वालों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम 1993 के तहत कार्रवाई और जुर्माना वसूली किए जाने का प्रस्ताव किया गया। इस दौरान किसानों ने संकल्प लिया कि वे अपने मवेशियों को खुला नहीं छोड़ेंगे। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत, पीएम आवास, एक पेड़ मां के नाम जैसी कई योजनाओं पर चर्चा हुई।

अंचल की खबरें

आंगनबाड़ी बच्चों के संस्कार की प्रारंभिक नींव : अनीता



धमतरी। ग्राम भटगांव में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम केवल महिलाओं और बच्चों से संवाद का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य की चिंता और जिम्मेदारी का अवसर है। आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार की प्रारंभिक नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण केंद्र है। आज के बच्चे ही विकसित भारत के भविष्य के निर्माता हैं। यदि हम बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार पर ध्यान देंगे, तो निश्चित रूप से एक स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त पीढ़ी का निर्माण होगा। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मातृशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। महिला मोर्चा का प्रयास है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और महिलाएं तथा बच्चे इन योजनाओं के प्रति जागरूक हों। मौके पर जयंती ध्रुव, फागू साहू, नेहरू साहू, रामेश्वर, दिलीप, दिनेश उपस्थित थे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी एवं शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय और बाजार परिसर की सफाई की गई। संस्था प्रमुख एमएल साहू, शिक्षक कौशल कुमार साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी मोहित राम बनपेला के साथ 50 स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। प्राचार्य श्री साहू ने गांधी एवं शास्त्रीजी के कार्यों का विस्तार से बताया साथ ही बच्चों को सेवा कार्य के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

वायजीबी के पोस्टर का हुआ विमोचन



धमतरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर वायजीबी के पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही युवाओं को वायजीबी से जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांधी एवं शास्त्री के जीवन, विचारों तथा राष्ट्र की प्रति उनके योगदान को स्मरण किया गया। युवाओं को सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी एवं राष्ट्र सेवा जैसे आदर्श को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पोस्टर विमोचन एवं सदस्यता अभियान के अवसर पर आयुष दीवान, प्रसून तिवारी, उमंग, यमन साहू, निहाल यादव, उमेंद्र भारद्वाज, कुशाग्र तिवारी, अमित पटेल, तनीष बंजारे, लकेश्वर देवांगन, कान्हा सिंह, गुलशन साहू, करण साहू उपस्थित थे।

जिला साहू संघ ने स्वच्छता दिवस मनाया



धमतरी। जिला साहू संघ ने महात्मा गांधी की जयंती को सभी ग्राम एवं शहरों में स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया। प्रत्येक सामाजिक भवन के आसपास एवं गलियों की सफाई समाजजनों द्वारा की गई। गणेशराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ ने अपने गृह ग्राम पचपेड़ी में महात्मा गांधी की मूर्ति में दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। पूजा आरती की। ग्राम के सामाजिक भवनों की एवं गलियों की सफाई कर आमजनों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्र कराया। स्वच्छता से हमारे मन में स्वच्छ विचार उत्पन होता है। मौके पर विनय कुमार साहू सरपंच, गंगाराम साहू, कुलेश्वरी साहू, भिखारी साहू, धनंजय साहू, गायत्री साहू, रोहित साहू समेत सामाजिकजन एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

ब्राम्हणपारा वार्ड में गांधी एवं शास्त्री को किया नमन



धमतरी। ब्राम्हणपारा वार्ड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूर्व पार्षद राजेश पांडे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशुतोष खरे ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह के सिद्धांतों तथा लालबहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर वार्ड अध्यक्ष भोला कुम्भकार, बूथ अध्यक्ष पूरब कुम्भकार, संतोष देवांगन, महेश कुम्भकार, तुलेश, रामस्वरूप, अरुण, गोलू साहू, लता बाई कुम्भकार, सरिता कुम्भकार, अश्विन कुम्भकार सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

प्रेमू बने शाला प्रबंधन समिति के पुनः अध्यक्ष



धमतरी। ग्राम परसुली की प्राथमिक व माध्यमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। प्रेमू चंद्रवंशी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर खम्हनलाल साहू, मेघनाथ भंडारी, राजू बंजारे, तोरण निषाद, तुलसीराम साहू, खमेश्वरी साहू, प्रधानपाठक पालनहार मेश्राम, राजू सालोमन, टिकेश्वर साहू, सरोज सोनवानी, दानीराम निषाद, दुम्मन लाल निषाद, चंद्रिका साहू उपस्थित थे।

संकरी में 152वां अखंड रामधुनी सप्ताह जारी



सिर्री। ग्राम संकरी में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी 152वां अखंड रामधुनी सप्ताह जारी है। यह धार्मिक आयोजन 27 सितंबर से शुभारंभ हो चुका है। 4 अक्टूबर को समापन होगा। इस आयोजन में ग्रामवासी राम नाम का जाप कर रहे हैं। रामधुनी में झांकी प्रस्तुति देने बाहर से मंडलियां पहुंच रही हैं। समापन दिवस पर रात्रि में संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी लोक नाचा ग्राम बिलाईडबरी जिला बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी।

गांधी जयंती पर विधायक ने बापू को किया नमन



आमदी(धमतरी) । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने अपने गृहग्राम आमदी स्थित निवास में गांधी जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और सेवा के आदर्शों का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने बापू के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए जनसेवा और राष्ट्रसेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक ने नागरिकों से महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वच्छता, सद्भाव और सेवा की भावना के साथ समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

थूहा में सतनामी समाज का सम्मेलन 4 को

धमतरी। सतनाम भजन कलाकार जनकल्याण समिति छग के तत्वावधान में 4 अक्टूबर रविवार को ग्राम थूहा स्थित साधू कुटी में सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज जिला धमतरी के अशोक कुर्रे ने मंगल भजन चौका के संचालकों, पंडित-कडीहारों से उपस्थिति की अपील की है।

रायपुर-धमतरी रेल सेवा शुरू होने से शिक्षा, रोजगार और व्यापार को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रायपुर-धमतरी बड़ी रेललाइन शुरू होने से विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा की राह आसान होने की उम्मीद है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, बीएड-डीएड सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए रायपुर जाने वाले छात्रों को वर्तमान में मुख्य रूप से बस पर निर्भर रहना पड़ता है। रेल सेवा शुरू होने से समय और यात्रा खर्च कम होने के साथ रायपुर के शिक्षण संस्थानों तक नियमित आवाजाही आसान हो सकती है।

रायपुर-धमतरी ब्राडगेज परियोजना का काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ था और इसे 2022-23 तक पूरा करने का लक्ष्य था। निर्धारित समय के बाद भी यात्री सेवा शुरू नहीं हो सकी है। परियोजना की लागत भी करीब 544 करोड़ से बढ़कर 880 करोड़ रुपए हो गई है। सेहराडबरी क्षेत्र में पटरी और अन्य निर्माण कार्य अभी जारी बताए गए हैं।

रायपुर-धमतरी बड़ी रेल सुविधा से शहर के विस्तार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विकास की उम्मीद भी जताई जा रही है। प्रीतम देवांगन ने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से रोजगार और व्यापार के नए अवसर बन सकते हैं। जितेश मानिकपुरी और समाजसेवी नरेश कहार ने भी कहा कि रेल कनेक्टिविटी बढ़ने से धमतरी में निर्माण, व्यापार और अन्य सुविधाओं के विस्तार को गति मिल सकती है।

सेहराडबरी क्षेत्र में पटरी और अन्य निर्माण कार्य जारी

विद्यार्थियों को होगा फायदा

सोनाली सेन रायपुर के डिग्री गर्ल्स कॉलेज में बीएससी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर रोजाना बस से आना-जाना मुश्किल है। एसी बस का किराया 120 रुपए और लोकल बस का 70-80 रुपए होने के कारण रायपुर में रहना पड़ रहा है। बैडमिंटन खिलाड़ी मिताली ध्रुव ने बताया कि वह रायपुर में किराए के मकान में रहकर प्रशिक्षण देती हैं और खुद भी प्रशिक्षण लेती हैं। रेल सेवा शुरू होने से आने-जाने की सुविधा मिलेगी और रहने का खर्च बच सकता है। कालेज छात्र राजेंद्र साहू, कुलेश्वर सोनकर ने भी इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।



गायन और नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं

सुर ताल 2.0 फिनाले में धमतरी की प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब धमतरी द्वारा आयोजित सुरताल 2.0- डांसिंग एंड सिंगिग का भव्य फिनाले 1 अक्टूबर को विमल टॉकीज में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में धमतरी जिले के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे प्रतिभागियों ने गायन और नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। करीब 600 दर्शकों की क्षमता वाला हॉल पूरी तरह भरा रहा।

विगत माह फिट लाइफ जिम में आयोजित ऑडिशन में करीब 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से चयनित 25 गायन और 25 नृत्य प्रतिभागियों सहित कुल 50 फाइनलिस्ट ने फिनाले में प्रस्तुति दी। रायपुर से निर्णायक के रूप में अस्मिता मक्कड़, अस्मिता भाटिया, श्वेता अग्रवाल एवं अजय तिवारी मौजूद रहे। डीएफओ श्री कृष्ण जाधव एवं नगर पालिका कमिश्नर अरुण कुमार अतिथि के रूप में शामिल हुए।

रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में जीत भले ही किसी एक प्रतिभागी की हो, लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाला प्रत्येक प्रतिभागी विजेता है। उन्होंने कहा कि धमतरी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और उन्हें उचित मंच व अवसर देने की जरूरत है।

रोटेरियन पल्लवी जायसवाल, पिंकी खंडेलवाल एवं ऋतु लुनावत ने कहा कि सुर ताल 2.0 के माध्यम से छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन पल्लवी जायसवाल एवं रोटेरियन पिंकी खंडेलवाल ने किया।



विजेताओं ने हासिल किए स्थान

गायन वर्ग-ए में अनुशिवा शुक्ला प्रथम, दर्शिक नाहर द्वितीय और युक्ति चोपड़ा तृतीय रहीं। नृत्य वर्ग-ए में मिष्टी सोनकर प्रथम, अक्षिता सिंघल द्वितीय और आरोही केसवानी तृतीय रहीं। गायन वर्ग-डी में नंदू विश्वकर्मा प्रथम, सागर कामरे द्वितीय और अशोक देवांगन तृतीय रहे।

प्रतिभागियों के प्रबंधन में रितु लुनावत, जतिन लोहाना, पूर्वी लोहाना, अभिषेक गर्ग, अभिषेक गोयल, बीजल मेहता एवं सुधा शर्मा की भूमिका रही। क्लब सचिव रोटेरियन जागृति दोशी ने आयोजन को व्यवस्थित रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस आयोजन में रोटेरियन साकेत श्रीवास्तव, संदीप ध्रुव, पायल गोयल, अजय गोयल, नरेंद्र साहू, सलज अग्रवाल, नंदन दोशी, आशीष गोयल, अमित जायसवाल सहित रोटरी परिवार के सदस्यों का सहयोग रहा। फिनाले ने जिले की उभरती गायन और नृत्य प्रतिभाओं को मंच और पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

कोलियारी की प्रिंटिंग दुकान में लगी आग





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम कोलियारी में बीती रात एक प्रतिष्ठान में भीषण आग लगने से लाखों रुपए की मशीनें और बड़ी मात्रा में कच्चा-तैयार माल जलकर खाक हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि साईं ओम परिवार प्रतिष्ठान का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। शुरुआती तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। कोलियारी निवासी डोमार साहू के घर और प्रतिष्ठान में रात के समय अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और दमकल टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक प्रतिष्ठान में रखी कई महंगी मशीनें और बड़ी मात्रा में कच्चा-पक्का माल जल चुका था।

मशीनों के अलावा प्रतिष्ठान में रखा कच्चा और तैयार माल भी आग में जलकर नष्ट हो गया। आग प्रतिष्ठान से लगे घर तक पहुंच गई, जिससे वहां रखा घरेलू सामान भी इसकी चपेट में आ गया।

थैला प्रिंटिंग की 2 मशीन पूरी तरह जली

आगजनी में थैला प्रिंटिंग की दो मशीनें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। इनकी कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा कैरी बैग बनाने वाली मशीन भी आग की चपेट में आ गई, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है। करीब 10 लाख रुपए कीमत की पेपर प्रिंटिंग मशीन भी जल गई। लगभग 7 लाख रुपए की डब्ल्यू पंचिंग मशीन को भी भारी नुकसान हुआ है। नुकसान एक करोड़ रुपए से ज्यादा का बताया जा रहा है।

मोटरसाइकिल रैली निकालकर दिया संरक्षण का संदेश

- धमतरी में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आगाज, 8 अक्टूबर तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम
- 5 को चित्रकला और 6 अक्टूबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





इस वर्ष भी वनमंडलों में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित है। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव-वन्यप्राणी द्वंद को रोकने, वन्यप्राणियों का संरक्षण व संवर्धन है। इस वर्ष भारत सरकार ने वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह की थीम कनेक्टिंग हैबिटेट्स श्रीविंग वाइलड लाइफ रखी है। जिले में वन विभाग धमतरी वनमंडल द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। प्रथम चरण में इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को हुई। मोटर साइकिल रैली को डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने हरी झंडी दिखाकर वनमंडल कार्यालय परिसर से रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर मानव वन गंगरेल में संपन्न हुई। वन प्रबंधन समिति मरादेव-गंगरेल के अध्यक्ष, सदस्यों, स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। 5 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं 6 अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता उपवन मंडल नगरी एवं नवीन प्रशिक्षण हॉल वन मंडल डिपो परिसर धमतरी में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। प्रतियोगिता को दो ग्रुप में बांटा गया है जिसमें ए गुप में कक्षा 5 वीं से 8 वीं एवं बी गुप में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। स्कूली विद्यार्थी चित्रकला में वन्यप्राणी और जल संरक्षण तथा मानव-हाथी द्वंद व मानव वन्यप्राणी सह अस्तितव विषय पर भाग लेंगे। 8 अक्टूबर को प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी से डीएफओ सम्मानित करेंगे। मोटरसाइकिल रैली में सहायक वन संरक्षक बीके लकरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी सत्यनारायण प्रधान, डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी, श्रीमती उषा पटेल, अर्जुन निर्मलकर, वनरक्षक श्रीमती वीणा ठाकुर, शशिकांत साहू, देवलाल साहू समेत वनमंडल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

मेचका में बाहरी लोगों के अवैध कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- पर्यटन समिति में स्थानीय आदिवासी युवाओं को रोजगार देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम मेचका में शासकीय एवं आदिवासी जमीन पर बाहरी और गैर-आदिवासी लोगों द्वारा लंबे समय से कथित अवैध कब्जे, पर्यटन समिति में स्थानीय आदिवासी युवाओं को रोजगार देने तथा ग्राम सभा की भूमिका सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जीवराखन मरई के नेतृत्व में ग्राम मेचका के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि सोंदूर बांध निर्माण के समय करीब 30-40 वर्ष पूर्व मेचका क्षेत्र में आए बाहरी मजदूरों और अन्य लोगों में से कई लोग काम पूरा होने के बाद भी गांव में रह गए। ग्रामीणों का आरोप है कि बाद में कुछ लोगों ने शासकीय गोचर भूमि और आदिवासी परिवारों की जमीन पर कब्जा कर लिया। ग्रामीणों ने इन मामलों की स्थल जांच, सीमांकन और दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

मेचका में पर्यटन गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि पर्यटन समिति में स्थानीय आदिवासी युवाओं को रोजगार और जिम्मेदारी में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका कहना है कि गांव के प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन से मिलने वाले रोजगार का लाभ स्थानीय युवाओं को मिलना चाहिए।

इस दौरान जीवराखन मरई, कनक राम नेताम, विक्रम सिंह नेताम, श्यामल साय, परमेश्वरी मरकाम, रमला बाई नेताम, दानीराम नेताम, संतोष नेताम, अनिता ध्रुव, सुरेश मरकाम, देवचरण नेताम, रामेश्वर मरकाम, तिजेंद्र कुंजाम, हेमंत ध्रुव, दुष्यन्त वट्टी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

चित्र प्रदर्शनी व भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- महापौर ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय चित्र प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल धमतरी में हुई। अतिथि महापौर रामू रोहरा व पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद थे।

विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय एवं समसामयिक विषयों पर आधारित आकर्षक चित्रों का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों में उनकी कल्पनाशीलता, रचनात्मक सोच और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिली।

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति, खेलकूद, भाषण एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। महापौर ने आगे कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और अवसर प्रदान करने की है।

मुजगहन में ग्रामीणों ने नशा नहीं करने का लिया संकल्प

धमतरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर मुजगहन के गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में दिलीप नाग ने 50 से अधिक ग्रामीणों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। प्रातः चार बजे सुबह गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता लखनलाल साहू ने गांधी जी के द्वारा किए गए कार्यों को अपने जीवन में उतारने हेतु लोगों को प्रेरित किया। दिलीप नाग ने कहा कि आज हमें एक अच्छे कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल एवं डेरहा राम साहू ने भी अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन सरपंच होमेश्वर साहू ने किया। मौके पर उपसरपंच जतिन साहू, नारायण सेन, अघनूराम साहू, रामदयाल साहू, रामबगस साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कुंजबिहारी साहू, थानूराम, नीलकंठ साहू, ज्ञानचंद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



डाही में स्वच्छता अभियान चलाया गया

धमतरी। ग्राम डाही में सरपंच सुमन देवांगन के निर्देशन में गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत शीतला मंदिर, सड़क, नल, आंगनबाड़ी परिसर, पंचायत परिसर, स्कूल के आसपास की साफ- सफाई की गई। इस अभियान में मीना सोनवानी, ईश्वरी पटेल, कामिनी पटेल, सुनीति पटेल, प्रमिला सोनवानी, समुंदा पटेल, नंदू पटेल का योगदान रहा।

